# भारत जानो प्रतियोगिता हुई, प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित



भारत विकास परिषद् जोधपुर ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन व भारत जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया तथा कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 17 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

**जोधपुर**, (कासं)। भारत विकास परिषद जोधपुर द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन व भारत जानो प्रतियोगिता का आयोजन भारत विकास परिषद शाखा नंदनवन द्वारा आदर्श बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय चोखा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 17 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया व छात्रों द्वारा अपने गुरुजनों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात छात्रों में भारत जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भारत विकास परिषद के नंदन में शाखा के प्रकल्प संयोजक श्री आरपी शर्मा वह प्रभारी सुभाष माथुर का विद्यालय द्वारा स्वागत किया गया ।समाजसेवी व विद्यालय के संरक्षक कृपाराम परिहार की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव जगराम गोदारा ने किया।

इस अवसर पर संस्था सचिव गोदारा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में गुरुजनों के प्रति सम्मान का भाव पैदा होता है तथा कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित होने पर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है।

भारत विकास परिषद नंदनवन शाखा के प्रकल्प संयोजक आरपी शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद का हमेशा से यह प्रयास रहा है की वर्षो पुरानी गुरु शिष्य परंपरा को पुन कायम किया जाए एवं विद्यार्थियों में गुरुजनों के प्रति सम्मान पैदा हो ।

भारत जानो प्रतियोगिता के संयोजक सुभाष माथुर ने बताया इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान का स्तर तो बढता ही पडता है साथ ही भारत के बारे में उनकी जानकारी बढती है ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विद्यालय के संरक्षक कृपाराम परिहार ने कहां की आज इस मोबाइल के युग में विद्यार्थियों को गुरु की बातों पर विशेष महत्व देना चाहिए एवं अपने लक्ष्य को जानकर आगे बढना चाहिए।

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनमोहन सिंह खींची ने सभी आगंतुक का आभार प्रकट किया।

विशेष रुप से भारत विकास परिषद का जो इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा कर रही है।

## प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारी

**आबूरोड**, (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत-अभिनंदन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने लगातार दूसरे दिन तैयारियों का जायजा लिया। आमजन, व्यापारी, युवाओं और महिलाओं को पत्रक एवं पीले चावल बांटकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

सतीश पूनिया ने सियावा गांव में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने वाली आदिवासी समाज की टीपू देवी के हाथों से निर्मित मिट्टी की प्रतिमूर्ति खरीदी। पूनिया और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री मोदी के अभिनंदन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।पूरे रूट चार्ट की तैयारियों को देखा और हवाई पट्टी पर स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान सतीश पूनिया, चंद्रशेखर के साथ सांसद देवजी पटेल, राजेंद्र गहलोत, विधायक समाराम गरासिया, जगसीराम कोली नारायण सिंह देवल, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, सुशील कटारा, जिला अध्यक्ष नारायण पुरोहित, जिला संगठन प्रभारी मदन राठौड़ इत्यादि उपस्थित रहे।

वहीं भाजपा के जालोर जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव के नेतृत्व में भी कार्यकर्ता आबूरोड़ पहुंच कर प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

# जालोर में महात्मा गांधी टाउन हॉल का शिलान्यास



जालोर में राज्य जन अभाव निराकरण समिति के चेयरमैन पुखराज पाराशर ने टॉउन हॉल के शिलान्यास समारोह को सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसरण में जालोर शहर में 17 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले महात्मा गांधी टाउन हॉल का शिलान्यास गुरूवार को भीनमाल रोड पर जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने किया।

नगरपरिषद जालोर के आयुक्त महिपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा वित्तीय वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य महात्मा गांधी टाउन हॉल का शिलान्यास गुरूवार को परिवहन विभाग के पास, भीनमाल रोड़ पर आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर व श्रम राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलैक्टर निशान्त जैन, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति गोविन्द टांक ने की। वही शिलान्यास कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपसभापति अम्बालाल व्यास, नेता प्रतिपक्ष कालूराम मेघवाल, सवाराम पटेल, नैनसिंह, राजपुरोहित, जुल्फिकार अली भुट्टों, उमसिंह चांदराई, जवानाराम माली आदि उपस्थित रहे। शिलान्यास कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया गया। अतिथियों का साफा व माल्यार्पण पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति गोविन्द टांक ने बताया कि शहर में टाउन हॉल का निर्माण होने से सांस्कृति व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो सकेगा और अधिक से अधिक संख्या में शहरवासी में भाग ले सकेंगें। निर्माण किये जाने वाले टाउन हॉल में 550 सीटें होगी और 100 वाहनों के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान पार्षद मिश्रीमल, लक्ष्मणसिंह सांखला, बसंत सुथार, दिनेश महावर, चौथसिंह गुर्जर, हीराराम देवासी, अमजद मेहर, राजेन्द्र टांक, सांवलाराम, गीता मीणा, अफरोजा सिलावट, अफरोजा, नीतू कंवर, महेश भट्ट, अब्दुल रजाक, दिनेश बारोट, मनोनीत पार्षद ीला चौधरी, सुरेश मेघवाल, अनिल पंडत, भरत सुथार, नैनाराम सहित नगर परिषद के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## पार्षद गीता ने जताया विरोध

नगरपरिषद के आयुक्त व सभापति द्वारा टॉउन हॉल के शिलान्यास समारोह में उसी क्षेत्र की भाजपा पार्षद गीता मीणा को मंच पर सीट नही देने व शिलापट्टिका पर नाम नहीं होने पर विरोध प्रकट किया। वहीं उसने आयुक्त पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होने जान बुझकर उसका नाम मंच के लिए नहीं बुलाया गया। उसके क्षेत्र में विकास कार्य का शिलान्यास हो और उसे ही दरकिनार किया जाये, यह अच्छी बात नही हैं।

### सार-समाचार

## खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**जोधपुर**, (कासं) । राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक-2022 की तीन दिवसीय जिलास्तरीय प्रतिस्पर्धाएं गुरुवार से आरंभ हुई। प्रतियोगिता शुभारंभ अवसर पर शारीरिक शिक्षा खेल मैदान में आयोजित भव्य समारोह में अतिथियों द्वारा खेल ध्वजारोहण, खिलाडि़यों के मार्च पास्ट आदि से उद्घाटन हुआ। जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने जिलास्तरीय स्पर्धाओं के उद्घाटन की घोषणा की। हापूराम ने खिलाडि़यों को शपथ दिलायी। उद्घाटन समारोह में शहर विधायक मनीषा पंवार, लूणी विधायक महेन्द्रसिंह विश्नोई, जोधपुर मूल के अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रवि बिश्नोई, मारवाड़ क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड की अध्यक्ष कीर्ति , नरेश जोशी, जिला कलैक्टर हिमांशु गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा, उप जिलाप्रमुख विक्रम बिश्नोई, प्रधान प्रकाश (घण्टियाली), लूणी प्रधान वाटिका सिंह, तिंवरी प्रधान गीता मेघवाल, मण्डोर प्रधान सुरता सेंगवा, उपखण्ड अधिकारी श्रीमती अपूर्वा परवाल (जोधपुर दक्षिण) एवं गोपालसिंह परिहार(लूणी), मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भल्लूराम खींचड़, जिला खेल अधिकारी प्रेमसिंह भाटी, जिला परिषद के विकास अधिकारी महेश चौधरी, सहित कई जने उपस्थित रहे। प्रभारी कौसर परवीन की देखरेख में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर मन मोह लिया। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक की थीम पर पाल की छात्राओं की प्रस्तुति सराही गई। नृत्य भरी लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने ख़ासा मनोरंजन किया। भूगोल व्याख्याता वीनूवन्ती सेन की गायकी ने भी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## टैंकर ने निजी बैंककर्मी को कुचला

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62 पर टैंकर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। शव का मथुरादास माथुर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतक निजी बैक में काम करता था। विवेक विहार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टैंकर को जब्त करने के साथ चालक को हिरासत में लिया। विवेक विहार थानाधिकारी दिलीप खदाव ने बताया कि आसोप हाल मरूधर केसरी नगर निवासी सुभाष पुत्र परसाराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भतीजा 28 वर्षीय अनिल निजी बैंक में काम करता था। वह रात में अपनी बाइक से राजमार्ग संख्या 62 से होते हुए आशियाना अमर बाग के सामने पहुंचा था। तब पीछे से आए एक टैँकर ने टक्कर मारी जिससे वह उसके नीचे आकर कुचला गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थानाधिकारी खदाव ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजन को सौंप दिया गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को जब्त करने के साथ चालक को हिरासत में लिया। मामले में अनुसंधान जारी है।

## लीजेंड्स खिलाड़ियों ने नेट प्रेक्टिस की

**जोधपुर**, (कासं) । लीजेंड्स लीग क्रिकेट का रोमांच शुक्रवार को जोधपुर शहर के बरकततुल्ला खां स्टेडियम में देखने को मिलेगा। 50 हजार की दर्शक क्षमता वाले इस स्टेडियम का नया स्वरूप हाल ही तैयार हुआ है। आज सुबह क्रिकेट खिलाडी बरकततुल्ला खां स्टेडियम पर पहुंचे और नेट प्रेक्टिस भी की। कल से यहां पर रोमांच आरंभ हो जाएगा। दर्शक क्षमता से भरपूर इस स्टेडियम में मैच के लिए पहले ही दिन 40 हजार टिकटों की बुकिंग ऑनलाइन हो चुकी है। आफ टिकट के लिए कल्पतरू के सामने तीन काउंटर पर आज लगाए गए है। बता दें कि वीरेंद्र सहवाग की अगुवाई वाली अदाणी स्पोर्ट्सलाइन की गुजरात जायंट्स टीम बुधवार को लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अंतिम चरण का मुकाबलों के लिए जोधपुर पहुंच गई थी। सहवाग की गुजरात जायंट्स टीम अपने अगले मैच में इरफान पठान की भीलवाड़ा किंग्स से शुक्रवार को अपने अंतिम लीग मैच में भिड़ेगी। 20 साल बाद इस शहर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में क्रिकेट का कोई बड़ा आयोजन हो रहा है।

## सड़क निर्माण एवं मरम्मत का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं) । जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने गुरुवार को जोधपुर शहर में चल रहे सडक़ निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर के साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर (द्वितीय) राजेंद्र डांगा, जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त अवधेश मीणा, नगर निगम (दक्षिण) के आयुक्त अरुण कुमार पुरोहित, नगर निगम (उत्तर) के आयुक्त अतुल प्रकाश सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग जोधपुर विकास प्राधिकरण के विभिन्न अधिकारीगण एवं अभियंता उपस्थित रहे। उन्होंने पावटा सी रोड से लेकर मटकी चौराहा रोड तक, भदवासिया रोड, सारण नगर रोड, आर्मी तिराहा रसाला रोड तथा शास्त्री सर्कल रोड का निरीक्षण किया। शहर की प्रमुख 103 सडक़ों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की वस्तुस्थिति जानने के लिए जोधपुर विकास प्राधिकरण, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम के अधिकारियों के साथ विभिन्न सडक़ो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पेच वर्क और मरम्मत के लिए शहर की मुख्य सडक़ों के अलावा विभिन्न इंटर कनेक्टिंग रोड्स को चिह्नित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं) । जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर जिला की सचिव पूर्णिमा गौड़, जेल अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह राजपाल सिंह के साथ संयुक्त रूप से जोधपुर स्थित केन्द्रीय कारागृह निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बन्दियों के पास कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं पायी गयी। बन्दियों से उनके स्वास्थ्य एवं भोजन व्यवस्था के बारे में भी पूछताछ करने पर बंदियों ने किसी प्रकार की कोई समस्या होना नहीं बताया। केन्द्रीय कारागृह में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए इसके संचालन के संबंध में जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं वरती जावे। उप अधीक्षक सौरभ सोनी के अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर से महेन्द्र राजपुरोहित भी मौजूद रहे।

# सरकारी से अधिक रेट पर जारी टाउन हॉल का टेण्डर

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर में मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसार टाउन हॉल के निर्माण को लेकर सरकारी रेट से अधिक रेट पर टेण्डर जारी होना तथा एक ही ठेकेदार द्वारा तीन जिलों में अधिक रेट पर टेण्डर लेना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। वहीं ठेकेदारों द्वारा उद्घाटन को लेकर विज्ञापन भी दिया गया।

जालोर सहित पाली व सिराही जिले में मुख्यमंत्री के बजट घोषणा अनुसार जिला मुख्यालय पर टॉउन निर्माण के लिए 14 करोड़ रूपये का बजट जारी किया था। इन तीनों जिलों में एक ही ठेकेदार द्वारा सरकारी रेट से अधिक करीब 17 करोड़ की लागत से टेण्डर जारी करवा लिया गया। एक ठेकेदार को एक ही रेट में तीन जिलो में टाउन हॉल बनाने को लेकर टेण्डर जारी ठेका देने को लेकर विरोध के स्वर मुखर होते नजर आ रहे हैं।

गत दिनो नगरपरिषद की बैठक में कांग्रेस पार्षदो ने भी टाउन हॉल के निर्माण के लिए तीन करोड़ रूपये ज्यादा में टेण्डर देने को लेकर आयुक्त से जवाब मांगा था, लेकिन वे जवाब नहीं दे पाये थे। ऐसे में जालोर में 14 करोड़ की बजाय 17 करोड़ में टॉउन हॉल के निर्माण के लिए टेण्डर जारी करने के पिछे किसी जनप्रतिनिधि का हाथ बताया जा रहा है। ऐसे में तीनो जिलो में अधिक रेट से टेण्डर जारी करने से सरकार को सीधे तौर पर करीब नौ करोड़ का अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। जबकि टेण्डर सरकारी रेट से कम में निकालना चाहिए। लेकिन जालोर सहित पाली व सिरोही जिले में टेण्डर अधिक निकालने के पीछे किस का हित है, यह चर्चा का विषय का बना हुआ। टेण्डर सरकार रेट से अधिक राशि में जारी करने से सरकार को नुकसान जरूर उठाना पड़ेगा।

लोगों का कहना है कि शिलान्यास समारोह को लेकर ठेकेदारो द्वारा नगरपरिषद को खुश करने के लिए लाखों का विज्ञापन भी दे दिया। ऐसे में बिना हित के लाखों रूपये कोई खर्च भी नही कर सकता है। ऐसे में टॉउन हॉल के निर्माण में नगरपरिषद, व ठेकेदार करोड़ रूपये का सरकार को सीधा नुकसान पहुंचा रहे है।

नगर परिषद् जालोर के आयुक्त महिपालसिंह ने बताया कि टेण्डर प्रक्रिया ऑनलाईन हुई थी। टेण्डर कभी ज्यादा तो कभी कम हो सकते हैं। यह टेण्डर सरकार द्वारा ही जारी किये गये है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

## चुनाव संपन्न

**जसवन्तपुरा**, (निसं)। जसवंतपुरा ग्राम सेवा सहकारी सोसायटी के अध्यक्ष पद पर भबूतसिंह देवल जीतपुरा एवं उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह उचमत का चयन निर्विरोध हुआ। सोसायटी में कुल 12 सदस्यों का चुनाव बोर्ड का गठन निर्विरोध होने पर खुशी का माहौल है। नव चयनित अध्यक्ष भबुतसिंह देवल ने सबका आभार व्यक्त करते हुये कहा कि मै किसानों के हित के सदैव कार्य करता रहूंगा।

## सांवलाजी मंदिर में तीसरी बार चोरी

**पिण्डवाड़ा**, (निसं)। ग्राम नांदिया में स्थित प्राचीन मंदिर से बुधवार रात्रि में अज्ञात चोरों ने दो पंच धातुओं की मूर्तिमा चुरा कर ले गये। चोरी की वारदात घटित होने पर जनता में भी आक्रोश व्याप्त है।

सांवलाजी मंदिर के पुजारी नरेश कुमार पुत्र विनोद कुमार रावल निवासी नांदिया रोजमर्रा की तरह गुरूवार सुबह करीब 5 बजे मंदिर में पुजा-पाठ करने गया, तो पाया कि मंदिर के दोनो दरवाजे व चाली खुली है। तथा मंदिर के दोनों दरवाजे उठे मिलें। तब पुजारी ने सरपंच विजय सिंह चौहान सहित ग्रामीणों को मंदिर में चोरी होने की सूचना दी। मंदिर परिसर में ग्रामीणों की भीड लग गई। जिसको लेकर सरपंच चौहान ने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

# पाली में जिला ग्रामीण खेल शुरू

**पाली**, (नि.सं.)। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के जिला स्तरीय खेलों का शुभारंभ गुरूवार से हुआ। पाली जिले में जिला स्तरीय खेलों में दस ब्लॉक की 99 टीमों के 1108 खिलाड़ी छह प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

जिला कलैक्टर नमित मेहता ने बांगड़ स्टेडियम में झंडारोहण कर जिला स्तरीय खेलों के उद्घाटन घोषणा कर शुभारंभ किया। उन्होंने समारोह में खिलाडियों को क्रीड़ा नियमों की पालना करने की शपथ दिलाई।

जिला कलैक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल राज्य सरकार की अभिनव पहल है जिसमें हर आयु वर्ग के 30 लाख खिलाडियों ने भाग लिया है जिसमें पाली जिले के लगभग 96 हजार खिलाडियों ने हिस्सा लिया। मेहता ने कहा कि खेलों पाली अभियान के तहत नवाचार करते हुए जिले में प्रत्येक ठााम पंचायत में मॉडल खेल मैदान तैयार किए जा रहे हैं जिससे ठाामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। जिले में अब तक ग्राम पंचायत क्षेत्र में 30 खेल मैदान बन गए है तथा लगभग 250 खेल मैदान का कार्य प्रगति पर है। जिले में खेल मैदान तैयार होने पर इनका लाभ खिलाडियों को मिलेगा एवं ठाामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं उभर कर खेलों में अपना हुनर दिखाएंगे।

उन्होंने बांगड़ स्टेडियम में महिला टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में मारवाड़ जंक्शन व बाली के बीच उद्घाटन मैच में क्रिकेट खेलकर शुरूआत की। जनप्रतिनिधि महावीरसिंह सुकरलाई ने बॉलिंग की। जिला कलैक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक बाली व जैतारण के मध्य महिला कबड्डी मैच देखकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान फ्लेगशीप योजनाओं एवं सरकारी प्रचार सामठाी का वितरण किया गया। जिला खेल अधिकारी लहरीदास वैष्णव, शिशुपालसिंह राजपुरोहित, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुमित्रा जैन, नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी, रोहट प्रधान सुनिता कंवर राजपुरोहित, पाली प्रधान मोहनी देवी, शोभा सोलंकी, एश्वर्या सांखला, मोटूभाई, मांगुसिंह दुदावत आदि मौजूद रहे।

# उत्कर्ष : आर.ए.एस. कार्यशाला में जवाब देने के प्रभावी तरीके सिखाए





जोधपुर में उत्कर्ष की सात दिवसीय आर.ए.एस. मॉक इंटरव्यू कार्यशाला जारी है।

**जोधपुर** , (कासं)। उत्कर्ष की सात दिवसीय आरएएस मॉक इंटरव्यू कार्यशाला का चौथा दिन राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित होने से एक कदम दूर और साक्षात्कार चरण के लिए योग्यता हासिल करने से उत्साहित भावी अधिकारियों के बढते होंसले एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहा। गुरुवार प्रात: 7 बजे से ही अभ्यर्थियों ने विभिन्न इंटरव्यू पैनल के समक्ष साक्षात्कार देने प्रारंभ किए तथा विशेषज्ञों द्वारा स्वयं की तैयारी के परीक्षण के दौरान अपने सकारात्मक व नकारात्मक पक्षों सहित विविध जरूरी बातों से रूबरू होकर स्वयं में अधिक उत्साह व आत्मविश्वास का संचार होते अनुभव किया।

डॉ. राठौड ने साक्षात्कार को ज्ञान की परख नहीं बल्कि व्यक्तित्व की परख बताते हुए कहा कि एक अधिकारी का चयन सिर्फ उसके तथ्यात्मक ज्ञान के आधार पर नहीं किया जा सकता और इसलिए व्यक्तित्व के अन्य पहलुओं की परख इस वार्ता के माध्यम से की जाती है। उन्होंने इस दौरान अभ्यर्थियों से अपने अनुभव भी साझा किए।

इससे पूर्व राजनीति विज्ञान एवं भारतीय संविधान के विख्यात विशेषज्ञ डॉ. दिनेश गहलोत ने अपने ज्ञान व विशेषज्ञता से अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने आर.ए.एस. स्तर के साक्षात्कार के अनुसार संविधान एवं राजनीति विषय के अंतर्गत पैनल द्वारा पूछे जा सकने वाले संभावित प्रश्नों पर अभ्यर्थियों को सिर्फ तथ्यात्मक जवाब ही नहीं बल्कि प्रभावी जवाब देने का गुरुमंत्र प्रदान किया। इसी कडी में आखिरी सत्र में राजस्थान सामान्य ज्ञान विषय के विशेषज्ञ अंकित तेतरवाल ने साक्षात्कार में संबंधित विषय को लेकर अभ्यर्थियों से पूछे जा सकने वाले संभावित प्रश्नों व मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और मार्गदर्शन किया।

ऑडिटोरियम में सामूहिक सत्रों के दौरान ध्यानोत्कर्ष के अपने सेशन में संस्था निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

इस दौरान उन्होंने एक वाकिए का जिक्र करते हुए जीवन में संबंधों के अर्थपूर्ण महत्त्व को आत्मसात करने की सलाह दी और कहा कि व्यक्ति जीवन में भले ही किसी भी मुकाम पर हो परंतु अपने व्यक्तिगत संबंधों के अतिरिक्त सामाजिक संबंधों व रिश्तों की अहमियत को कभी भूलना नहीं चाहिए और संबंधों में मधुरता बनाए रखने के लिए जरूरत पडने पर स्वयं के द्वारा जाने-अनजाने की गई गलती पर एक अधिकारी को भी निम्न पद के किसी कर्मचारी से क्षमा मांगने से गुरेज नहीं करना चाहिए।

### सार-समाचार

## कार्यों व योजनाओं की समीक्षा की

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलक्टर नमित मेहता ने पाली जिले में चल रही इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, प्रशासन शहरों के संग अभियान एवं इन्दिरा रसोई योजना की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी एवं नगर पालिकाओं के अधिशाषी अधिकारियों से कहा कि उनके क्षेत्र में बड़े ठाामीण कस्बों में इन्दिरा रसोई संचालन की आवश्यकता हो तो उसके प्रस्ताव भिजवाएं। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर इन्दिरा रसोई में भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई का पूरा ख्याल रखा जाए। इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना, प्रशासन शहरों के संग अभियान, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की समीक्षा की। सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन करने एवं 17 से 18 वर्ष के बच्चों के मतदाता परिचय पत्र से जोड़ने के लिए अठािम आवेदन भरवाने तथा मतदाता के पास ईपीक को स्पीड पोस्ट से भेजे जाने के साथ फसल बीमा योजना व क्रॉप कटिंग के संबंध में भी निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सिलिंग बीआर धोजक, उपखण्ड अधिकारी ललित गोयल, जिला रसद अधिकारी सुमित्रा पारीक, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता एलआर वाघेला, आयुक्त नगर परिषद बृजेश रॉय, सचिव विनयपाल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## हिन्दुस्तान कोई धर्मशाला नहीं : बिट्टा

**जोधपुर**, (कासं) ।ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष एमएस बिट्टा ने पी एफ आई व उसके सहयोगी संगठनों पर लगे 5 साल के प्रतिबंध के फैसले का स्वागत किया। बिट्टा ने कहा कि पीएफआई की सारी फंडिंग विदेश से होती थी। देश में कई ऐसे सामाजिक संगठन है, जिनकों विदेश से पैसे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके नेताओं से पूछना चाहता हूं कि क्या ऐसे लोग कभी सीमा पर शहीद होने वाले किसी सैनिक के घर गए हैं। उनके परिवार को सहारा दिया है, जो विदेशों से फंड आते हैं उससे उनकी मदद की है। जो लोग पाकिस्तान और आईएसआई के इशारे पर इस देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं, वो कभी भी कामयाब नहीं होंगे। बिट्टा बुधवार को जोधपुर आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान कोई धर्मशाला नहीं जहां पड़ौसी देख से लोग घुस जाए और डॉक्युमेंट बनाकर यहां रहने लगे। फिर आतंकवाद फैलाए।

## अनादरा में मगाराम अध्यक्ष बने

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट अनादरा ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुए। वही 11 ऋणी सदस्य व 1 अऋणी सदस्य भी चुने गए। अध्यक्ष पद के लिए मगाराम व उपाध्यक्ष पद के रणछोडराम व कानाराम के बीच मतदान में रणछोडराम को 7 व कानाराम को 5 मत मिले। जिसमें 2 मतों से रणछोडराम विजय रहे। वही उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। वार्ड सदस्य रेखा देवी, कमाराम, कानाराम, गमनाराम, जगाराम, पुराराम, बिन्दु कुँवर, मुकेश कुमार, डायाराम व मफाराम चुने गए। वही चुनाव सम्पन्न के बाद निर्वाचन अधिकारी चमनाराम चौधरी द्वारा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंप कर शपथ दिलाई। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का माला व साफा पहनाकर स्वागत भी किया गया। इस दौरान व्यवस्थापक भूराराम मेघवाल भी उपस्थित रहे।

## अग्रसेन वाटिका में गरबा महोत्सव

**पाली**, (नि.सं.)। नवरात्र में विभिन्न जगह पर गरबा नृत्य का आयोजन किया जा रहे हैं। इसी क्रम में अग्रसेन वाटिका में अग्रवाल महिला मंडल की ओर से तीन दिवसीय गरबा महोत्सव चल रहा है, जहां रंग बिरंगी रोशनी सजावट के बीच माता का दरबार सजाया गया। यहां पर बच्चों महिलाओं की विभिन्न गरबा डांस प्रतियोगिता हुई। समाज की जोली गुप्ता, अंजना सरीफ, अंजु गोयल, आदि के नेतृत्व में प्रथम दिन गरबा डांस के साथ समाज की बुजुर्गों महिलाओं का सम्मान भी किया गया। इसी प्रकार महेश वाटिका में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत लहोटी, मधुसूदन नागौरी, नरेंद्र मच्छर, ओम प्रकाश पुगलिया, युवा संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र केला, रोहित बिड़ला, मनोज, राहुल, अंशुल हेड़ा, गिरीश राठी, हर्ष बिरला, दीक्षित अनुराग आदि कार्यकर्ता गरबा कार्यक्रम में जुटे हुए हैं।

## तेरापंथ भवन में सर्वधर्म सम्मेलन

**पाली**, (नि.सं.)। अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत सप्ताह के अन्तर्गत गुरुवार को साम्प्रदायिक सद्भावना दिवस पर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्मसम्प्रदायों के धर्म गुरुओं ने भाग लिया। तेरापंथ भवन के प्रांगण में मुनि तत्त्वरूचिजी तरुण व मुनि संभव कुमारजी के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी धर्माचार्यो ने धार्मिक एकता सद्भावना शांति, सौहार्द, समन्वय और सौहार्द का संदेश दिया।

## कार्यशाला आयोजित

**आहोर**, (निसं)। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर गुरुवार को पंचायत समिति में कार्यशाला का आयोजन हुआ। तहसीलदार हितेष त्रिवेदा, विकास अधिकारी मंछाराम, बीसीएमओ डॉ विरेन्द्र हेमतानी, राजेन्द्र सिंह खिंची आदि ने कई योजनाओं व कार्यों की जानकारी दी।

# श्रम व अनुशासन का महत्व खेलों के माध्यम से प्राप्त होता है : न्यायमूर्ति व्यास

**जालोर, (कासं)।** व्यक्ति के जीवन में श्रम और अनुशासन का महत्व खेलों के माध्यम से ही प्राप्त होता है इसलिए खेल स्वास्थ्य के साथ-साथ सर्वांगीण विकास का आधार है। उक्त विचार शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में गुरूवार को राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गोपालकृष्ण व्यास ने व्यक्त किए।

न्यायमूर्ति गोपालकृष्ण व्यास ने कहा कि पंचतत्व से निर्मित हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में खेलों का बड़ा महत्व है। उन्होंने अपने जीवन के संस्मरण सुनाते हुए खिलाड़ियों को राजस्थान के क्रिकेटर रवि विश्नोई की तरह राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का नाम रोशन करने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्य के श्रम राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के आयोजन से गांव के लोगों को खेलने का मौका मिला। जिससे आत्मविश्वास बढने् के साथ ही सद्भाव व भाईचारा की भावना प्रगाढ़ हुई। उन्होंने जिला प्रशासन को श्रेष्ठ आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की बात कही। समारोह के विशिष्ट अतिथि जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के अभिनव प्रयोग से मेल-मिलाव बढ़ने के साथ ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिला है। पाराशर ने कहा कि सभी धर्म, जाति व समुदाय के लोग बिना भेदभाव के भाईचारे के साथ इन खेलों में शिरकत कर रहे है।



**राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गोपालकृष्ण व्यास ने जालोर में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में सहयोग करने वाले भामाशाहों की प्रशंसा करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने अपने उद्बोधन में जिला प्रशासन द्वारा स्मृति चिन्ह रूप में लेटा के प्रसिद्ध खेसले के अभिनव प्रयोग को प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि खेलों से शरीर व मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली खेलकूद प्रतियोगिताएँ भी अनवरत रूप से जारी रखे जाने की बात कही।

समारोह में साफा व माल्यार्पण करने के साथ ही लेटा के खेसले ओढ़ाकर अतिथियों का अभिनंनद किया गया। वही महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिवाजी नगर जालोर की छात्राओं ने 'माँ सरस्वती शारदे....'' एवं 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा.....' गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गोपालकृष्ण व्यास ने झण्डारोहण एवं शुभारम्भ की घोषणा कर प्रतियोगिता का विविधत आगाज किया।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिले के दस ब्लॉकों के प्रतिभागियों ने मार्चपास्ट कर सलामी दी। समारोह के दौरान विभिन्न खेल यूनिफॉर्म में ''चक दे इंडिया...'' गीत पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में साडण ग्राम के नृतकों ने ढोल एवं थाली की थाप पर जिले के पारंपरिक लोक नृत्य 'गैर' की आकर्षक प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में शिरकत करने वाले खिलाड़ियों ने खेल भावना एवं सच्ची क्रीडा भावना से खेलने की शपथ ली। प्रतियोगिता के शुभारम्भ समारोह के पश्चात् अतिथियों ने सांचौर एवं सरनाऊ के मध्य कबड्डी मैच के खिलाड़ियों का परिचय कर विधिवत मैच का शुभारंभ किया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने प्रतियोगिता का परिचय एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के 10 ब्लॉकों से 96 टीमों के 1070 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन नरपत आर्य व निशा एम. कुट्टी ने किया।

इस अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सिया रघुनाथदान, जिला कलक्टर निशांत जैन, अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश तनसिंह चारण, पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश हुकुमसिंह राजपुरोहित, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विरेन्द्र कुमार मीणा, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, नैनसिंह राजपुरोहित, सवाराम पटेल, जिला क्रीड़ा परिषद के सदस्य राघवेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह कुंपावत, सरोज चौधरी, दलपतसिंह आर्य, छगन आर्य, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवरलाल सोनी, उपखण्ड अधिकारी दिनेशचन्द धाकड़, विकास अधिकारी सांवलाराम चौधरी, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी टी.आर.मीणा सहित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी, निर्णायक, खेलप्रेमी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# विश्व हृदय दिवस पर चिकित्सा शिविर आयोजित



**जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में मरीजों के बीपी और शुगर की जांच कर हृदय रोग की जानकारी दी गई।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में एनसीडी क्लीनिक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सामान्य चिकित्सालय जालोर की ओर से गुरूवार को राष्ट्रीय मधुमेह एव हृदय रोग ,पक्षाघात बचाव नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को विश्व हृदय दिवस पर चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के बीपी और शुगर की जांच कर हृदय रोग के बारे में जानकारी दी गई।

## ■ शिविर में लोगों को हृदय रोग की जानकारी दी

एनसीडी शिविर प्रभारी शहजाद खान ने बताया कि विश्व हृदय दिवस के अवसर पर चिकित्सालय जालौर में शिविर लगाकर मरीजों के बीपी व शुगर की जांच की गई। शिविर में लोगों को हृदय रोग के बारे में जानकारी भी दी गई। जैसे सीने में दर्द चक्कर आना, धड़कन बढ़ना ,सांस में तकलीफ, जी घबराना, पसीना छूटना, शारीरिक कमजोरी कंधा या हाथ में दर्द हृदय रोग के लक्षण हैं। इस प्रकार के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सालय पहुंचकर चिकित्सक से उपचार प्रारंभ करवाना चाहिए। इस में बीमारी मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, शराब का सेवन, अनुचित आहार, पारिवारिक इतिहास आदि हृदय रोग के जोखिम कारक है।

शिविर में तीस वर्ष से अधिक उम्र के रोगियों की मधुमेह उच्च रक्तचाप की जांच कर मरीजों को हृदय रोग के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। हृदय रोग में लेने वाले आहार के बारे मे भी जानकारी दी गई ।

चिकित्सा शिविर में कुल 65 मरीजों के बीपी एव शुगर जांच की गई। कुल 18 मरीज बीपी, शुगर के मिले। सामान्य चिकित्सालय से डॉ. अभिषेक पटेल, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान, नर्सिंग ऑफिसर रमेश कुमार राणा, जीएनएमटीसी के प्रशिक्षणार्थी ललित कुमार, नरेश कुमार कुमावत, यतेंद्र कुमार मीणा ने सेवाएं दी। छगनलाल गर्ग, पृथ्वी राज सिनियर नर्सिंग ऑफिसर, हस्ताराम, पुखराज, भबूताराम, गौरव, सुरेश आदि ने सहयोग किया।

# बाड़मेर में जिला स्तरीय स्पर्धाओं की शुरूआत

**बाड़मेर, (निसं)।** गोसेवा आयोग के अध्यक्ष मेवाराम जैन के आतिथ्य में बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का गुरुवार को आगाज हुआ।

इस मौके पर गोसेवा आयोग अध्यक्ष ने ध्वजारोहण कर राजीव गांधी ग्रामीण ओलपिंक के जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओ की औपचारिक घोषणा एवं मार्चपास्ट की सलामी ली तथा खिलाड़ियो को खेल भावना की शपथ दिलाई। इस दौरान विधायक चौहटन पदमाराम मेघवाल, जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी, सभापति दीपक माली एवं जिला कलक्टर लोक बंधु भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गोसेवा आयोग अध्यक्ष एवं विधायक जैन ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों से प्रदेश में आपसी प्रेम, भाईचारा, सद्भावना एवं सहयोग का माहौल बनेगा। उन्होने कहा कि इन खेलों से उत्सव जैसा वातावरण बना हैं क्योंकि इन खेलों में गांवों के हर आयु वर्ग के लोग एकजुट होकर उमंग एवं उत्साह से खेले एवं विभिन्न खेल देखकर लुत्फ उठाया। उन्होने राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों में सभी प्रतिभागीयों से आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ सभी खेलों में हिस्सा लेने का आव्हान किया। इस मौके पर विधायक पदमाराम मेघवाल ने कहा कि बड़े पैमाने पर खेलों के इस आयोजन से जिले में खेल कूद का नया माहौल बना एवं खिलाड़ियों में नए जोश एवं ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान जिला कलैक्टर लोक बंधु ने कहा कि बड़े स्तर पर ग्रामीण खेलों के आयोजन से आपसी भाईचारे की भावना बढ़ाने का एक अवसर मिला। उन्होने कहा कि ग्रामीण ऑलम्पिक खेलों के माध्यम से राज्य सरकार की जनहेतिषी नीतियों एवं योजनाओं तथा फ्लैगशिप कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन में कबड्डी, खो-खो, हॉकी, टेनिसबॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, और शूटिंग वॉलीबॉल खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेद सिंह रतनू, उपखंड अधिकारी समंदर सिंह, प्रधान महेंद्र जानी समेत जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# रायपुर में निर्विरोध चुनाव



**आदर्श ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड रायपुर में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्य निर्विरोध चुने गये।** फोटो-राष्ट्रदूत

**मंडार, (निसं)।** सिरोही जिले में आदर्श ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड रायपुर में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित चुने गये। गुरुवार को रायपुर आदर्श ग्राम सेवा सहकारी समिति रायपुर में पदाधिकारियों के चुनाव हुए।

अध्यक्ष के लिए एक आवेदन नरपतसिंह सिंह देवडा वडवज व उपाध्यक्ष के लिए पृथ्वी सिंह जालमपुरा का एक- एक आवेदन प्राप्त हुआ।

वहीं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए एक- एक आवेदन प्राप्त होने पर निर्वाचन अधिकारी शिव सिंह चौहान द्वारा अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की गई। वहीं पूर्व में निम्न सदस्य संचालक मंडल के समस्त सदस्य सर्व सहमती से निर्विरोध चुने गये। इधर निर्विरोध चुने गये समस्त सदस्यों को व्यवस्थापक थानसिंह इंदा द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।

अध्यक्ष नरपतसिंह देवडा वडवज व उपाध्यक्ष पृथ्वीसिंह के बनने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की।

वहीं निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों में वार्ड संख्या 1 से नरपत सिंह देवडा वडवज, 2 से मकना राम चौधरी, 3 से भबूताराम, 4 से नवाराम भील, 5 से अनेक कुंवर, 6 से भावाराम, 7 से महिला रिक्त, 8 से चेनीदान, 9 से पृथ्वी सिंह, 10 से नगाराम, 11 से वगताराम मेघवाल व 12 से वालाराम निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए।

रायपुर सरपंच छगनलाल कोली, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि पप्पुसिंह देवडा, सुजानसिंह वडवज, चंदन सिंह देवडा, पुर्व सरपंच कानाराम चौधरी, पुर्व उपाध्यक्ष राणसिंह देवडा, रमेशचंद्र, वालाराम चौधरी, महेंद्र सिंह जालमपुरा, विक्रम रावल, प्रतापराम कोली, भूपेन्द्र जोशी आदि उपस्थित थे।

## बालोतरा में गरबों की धूम मची

**बालोतरा, (निसं)।** शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित गरबों की धूम शहरवासियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी सिर चढकर बोल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में शहरवासी गरबा देखने के लिए उमड रहे हैं।

शाम के समय पांडाल सजने के साथ ही मां दुर्गा की आरती के साथ गरबा नृत्य का शुभारंभ हो जाता है, जो देर रात तक जारी रहता है।गरबा नर्तक गरबा नृत्य करने के अलावा विभिन्न देवी-देवताओं का स्वांग रचकर मां दुर्गा के प्रति आराधना प्रकट कर रहे हैं।

बालोतरा शहर के प्रजापत समाज मे माँ नव दुर्गा गरबा मंडल प्रजापत समाज के तत्वावधान में आयोजित गरबा महोत्सव में गरबा नृत्य के साथ रोज नए नए सास्कृतिक कार्य म आयोजित किए जा रहे है।

मंडल के मदन बागरेचा ने बताया कि होम अष्टमी की शाम को विशेष कार्य म आयोजित किए जाएंगे। शहर के सासी कॉलोनी, माहेश्वरी समाज भवन,विश्वकर्मा ग्राउंड, आईनाथ गोशाला के पास, चारण समाज भवन, गांधीपुरा, प्रताप नगर, सोनी समाज, समदडी रोड , रामदेव टांका सहित अनेको स्थानों पर डांडिया रास की धूम मची हुई है।

# शहीद भगतसिंह की जयंती मनाई

**जालोर, (कासं)।** हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर के तत्वावधान देश की आजादी के लिये जो हंसते हुये फांसी पर चढ़ गये वीर अमर शहीद सरदार भगतसिंह की जयंती पर गुरूवार को पुष्पाजंली कर मनाई गई।

नगर उपाध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह बगेडिया ने बताया कि मात्र 23 साल की उम्र में देश की आजादी के लिये अपने प्राण न्यौछावर करने वाले युवाओं के आदर्श कहे जाने वाले अमर शहीद सरदार भगतसिंह की जयंती पर शहीद स्मारक रेल्वे स्टेशन पर संस्था द्वारा पुष्पाजंली कर उनकी जयंती को मनाया गया। जयंती कार्यक्रम में जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग व अधिवक्ता केशव व्यास अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि संस्था द्वारा हमेशा देश के वीर महापुरूषों को याद करना उनके जीवन से प्रेरणा लेना आदि कार्य कर हमारे समाज में एक आदर्श जीवन की स्थापना करना है। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कहा कि भगतसिंह सहित कई अन्य देशभक्तों की प्रतिमा इस शहीद स्मारक पर लगानी चाहिये। केशव व्यास ने कार्यक्रम में भगतसिंह के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। अंत में संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह ने सभी का आभार जताते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया और विजय दशमी के शस्त्र पूजन में सभी को आमंत्रित किया।

कार्यक्रम में संस्था कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला, नगर संगठन मंत्री महेन्द्र राठोड, संजय बोराणा, जीतेन्द्र सरगरा, दिनेश बारोट, पपु गोयल, रमेश बारूपाल, मीठालाल प्रजापत, एडवोकेट ओम सोनी सहित कई कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

वहीं भगतसिंह स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भगतसिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक भागीरथ गर्ग ने बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय के अर्जुन सिंह सिंधल, ओलम्पिक संघ के महासचिव लालसिंह सांखला ने संबोधित किया। गर्ग ने बताया कि मुक्केबाजी प्रतियोगिता में सपना बनाम डिम्पल, दीपिका बनाम हर्षिता, पीयूष बनाम प्रकाश,लोकेश बनाम अरमान, चिराग बनाम भेरूपाल, छायांक बनाम अतुल के बीच बाउट का आयोजन राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेश लोधी ने किया। हितेश सोलंकी, अविनाश परमार, जीतेन्द्र सिंह सांखला आदि मौजूद थे।

# जिला कारागृह का निरीक्षण



**जालोर के जिला कारागृह का निरीक्षण जिला न्यायाधीश सिया रघुनाथदान ( मध्य में ) , विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय हुकमसिंह राजपुरोहित ( दाएं ), सी.जे.एम. महेश कुमार ( बाएं ) ने किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश सिया रघुनाथदान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने गुरूवार को जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित कारापाल को निर्देश दिये कि बंदियों को नियमानुसार उचित गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध करवाया जावें। जेल परिसर की हाइजैनिक तरीके से साफ सफाई करवाई जावें। बंदियों को नियमानुसार पढ़ने के लिए किताबें आदि उपलब्ध करवाई जावें। उन्होंने कहा कि ऐसे बंदी जो अपनी पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं है या जिनकी पैरवी के लिए कोई अधिवक्ता नियुक्त नहीं है, उन बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता योजना के तहत नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के लिए आवेदन पत्र तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किया जावें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विरेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि कोरोना गाइडलाइन की पालना की जावें, एक दूसरे के बीच सामाजिक दूरी बनाए रखे। नियुमानुसार सुविधाएं उपलब्ध करवाई जावें। इस दौरान पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश कुमार भी साथ रहे।

इसी प्रकार जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने गुरूवार को उप कारागृह भीनमाल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उप कारापाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो बंदी खुद की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं है, उनके नि:शुल्क अधिवक्ता योजना के तहत नि:शुल्क अधिवक्ता नियुक्त करने के लिए आवेदन तालुका विधिक सेवा समिति को प्रेषित किया जावें। इसी प्रकार उन्होंने स्वामी आत्मानंद सेवा संस्थान की ओर से संचालित वात्सल्य चिल्ड्रन होम रानीवाडा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाजया लिया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि बालकों को नियमानुसार हर सुविधा उपलब्ध करवाई जावें, सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रखे। इनके स्वास्थ्य एवं खान पान का विशेष ध्यान रखा जावे। बालकों की पढाई की तरफ विशेष ध्यान दिया जावें। बाहर से लाये गये फल, सब्जी आदि अच्छी तरह से धोकर ही उपयोग में लिये जावे। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि एक दूसरे के बीच सामाजिक दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि संस्थान परिसर की हाइजैनिक तरीके से सफाई करवाई जावें। बालकों के कक्षों की अच्छे तरीके से साफ-सफाई करवाई जावें।

## बुनियादी साक्षरता कार्यशाला हुई

**बाप, (निसं)।** रूम टू रीड संस्था और शिक्षा विभाग जोधपुर के साझा प्रयासों अन्तर्गत बाप ब्लॉक के सभी पदेन ग्राम पंचायत शिक्षा अधिकारियों के साथ दो दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं समझ विषय को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यशाला में उपस्थित संभागियों को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चो के साथ बुनियादी साक्षरता के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए रूम टू रीड संस्था के नेश प्रोजेक्ट को विस्तार से समझाया गया।

ब्लॉक के कोऑर्डिनेटर प्रताप राठौड़ ने बताया कि रूम टू रीड संस्था द्वारा जोधपुर जिले के सभी 22 ब्लॉकों के 2706 से अधिक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही हैं।

अपनी आगामी योजना में संस्था में सभी ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत ग्राम पंचायत शिक्षा अधिकारियों के साथ सीधे कार्य करते हुए उनके विद्यालयों में पुस्तकों को उपलब्ध करवाने व बुनियादी साक्षरता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनका सहयोग करेगी।

बुधवार को यंहा हुई कार्यशाला में रूम टू संस्था की मुख्य परियोजना अधिकारी ऐश्वर्या सहगल जोधपुर से जुडी। जिन्होंने सभी संभागियो से अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

ब्लॉक के दो दक्ष प्रशिक्षक रिडमल राम और रेखचंद द्वारा सभी को बुनियादी साक्षरता ओर उसके घटको को लेकर सत्र लिए गए। साथ ही रूम टू रीड से प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अंजु राणा, भरत चौधरी और खुशबू पालीवाल रहे । यह कार्यशाला का प्रथम चरण रहा।

जल्दी ही दूसरे चरण की कार्यशाला का आयोजन होगा। साथ ही प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1,2 के भाषा विषय के शिक्षको के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा।

# ब्रह्मकुमारी संस्थान में नेशनल पेंटिंग कॉम्पटीशन एवं वर्कशॉप शुरू

**आबूरोड, (निसं)।** आबूरोड के ब्रह्मकुमारीज संस्थान के मनमोहिनीवन परिसर में गुरुवार से आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर थीम के तहत नेशनल पेंटिंग कॉम्पटीशन एवं वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। इसमें देशभर से जाने-माने कलाकार भाग लेने पहुंचे हैं।

त्रिलोक भवन के पास पार्क में कलाकार पेंटिंग के माध्यम से अपने मन के भावों को उकेर रहे हैं। वर्कशॉप का समापन 1 अक्टूबर को किया जाएगा। समापन पर ज्यूरी के द्वारा तय की गई बेस्ट पेंटिंग बनाने वाले कलाकार को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके पूर्व ग्लोबल ऑडिटोरियम में कॉम्पटीशन का उद्घाटन किया गया। जिसमें संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय ने कहा कि इस कॉम्पटीशन का मकसद है कि आजादी के अमृत महोत्सव और भारत की गौरवशाली परंपरा, इतिहास और संस्कृति से आमजन को रुबरु कराना।

मनमोहिनीवन में चल रहे पेंटिंग कॉम्पटीशन में कलाकार ब्रह्मकुमारीज के लीडर्स, इनमें संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा, पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी, राजयोगिनी दादी जानकी, राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि और वर्तमान मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी की पोर्ट्रेट, स्वर्णिम भारत, भारत की सांस्कृतिक विरासत और स्प्रीचुअल इंडिया चार विषयों पर सभी कलाकार अपनी-अपनी कलाकृति को आकार दे रहे हैं। इन चारों विधाओं में से प्रत्येक विधा के तीन सिलेक्टेड प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी



**आबूरोड के ब्रह्मकुमारी संस्थान में हरियाणा के कुरुक्षेत्र से आए कलाकार राहुल वर्मा ने दादी गुलजार की पेंटिंग बनाई।** फोटो-राष्ट्रदूत

कलाकारों का भी सम्मान किया जाएगा।

वर्कशॉप में सुबह सभी कलाकारों को राजयोग मेडिटेशन सिखाया जा रहा है, ताकि वह अपनी कला में और निखार ला सकें। इसमें मेडिटेशन टेक्नीक, टाइम मैनेजमेंट, स्लीप मैनेजमेंट, स्ट्रैस मैनेजमेंट, पावर ऑफ योगा, माइंड मैनेजमेंट के टिप्स संस्थान के वरिष्ठ राजयोगी बीके स्पीकर्स द्वारा दिए जा रहे हैं। संचालन शिक्षा प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका बीके शिविका ने किया।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र से आए कलाकार राहुल वर्मा ने बताया कि मैं पिछले चार साल से देश के अलग-अलग स्थानों पर पेंटिंग कॉम्पटीशन में भाग ले रहा हूं। पेंटिंग मेरी हॉबी है। मेरा प्रोफेशन आईटी का है। मुझे बचपन से ही पेंटिंग बनाने का शौक है। राहुल राजयोगिनी दादी गुलजार की पेंटिंग बना रहे हैं, जो शुक्रवार को पूरी हो जाएगी।

मुंबई से आईं रिटायर्ड प्रोफेसर 64 वर्षीय अंजली गवली ने बताया कि मेरा बचपन से ही पेंटिंग पैशन और जुनून रहा है। इसलिए मैंने कॉलेज में भी पेंटिंग विषय पढाया। गवली आजादी के अमृत महोत्सव की झलकियां दिखाते हुए आत्मा के सातों चक्र और ब्रह्मा बाबा की पेंटिंग को आकार दे रहीं हैं।

छग से आईं आर्ट टीचर प्रतिभा महाराणा ने बताया कि मेरी खुद की आर्ट गैलरी है। हाल ही में सरकार ने उन्हें बेस्ट आर्ट टीचर के सम्मान से सम्मानित किया है। साथ ही यूपी सरकार की ओर से कला रत्न अवार्ड सहित अब तक 90 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त कर चुकी हैं। टीचर महाराणा पेंटिंग में शिवलिंग, शंकर जी और योगी की आकृति को आकार दे रही हैं। जिसका उद्देश्य है कि आध्यात्म में तीन चीजें महत्वपूर्ण हैं-साधना, आत्मचिंतन और ध्यान। इन तीनों बातों को उन्होंने शामिल किया है।

